Regarding need to set up Dairy Research Institute and Commercial Farming Training Centre in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid

श्री रविन्दर कुशवाहा **(सलेमपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के अंतर्गत देवरिया बलिया सहित पूरे पूर्वाचल के लोगों की आय कृषि व पशुपालन पर आधारित है। पूर्वांचल सहित पूरे उत्तर प्रदेश में किसानों तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि करने हेतु डेयरी प्रोडक्ट का उत्पादन दोगुना और खाद्य सुरक्षा को आत्मनिर्भर एवं आत्म संपन्न बनाने के साथ-साथ रोजगार एवं व्यापार के अवसर उत्पन्न करने हेतु पशुपालन को व्यवसायिक डेरी फार्मिंग से जोड़ना अत्यंत लाभप्रद होगा। उत्तर प्रदेश के पूर्वोत्तर में खासकर देवरिया, बलिया, कुशीनगर, गोरखपुर, मऊ, आजमगढ़ सहित बिहार के दो जिले सिवान और गोपालगंज पूर्णता कृषि एवं पशुपालन के अनुकूल हैं। यहां व्यावसायिक डेयरी फार्मिंग की असीम संभावनाएं हैं परंतु समुचित प्रशिक्षण एवं वैज्ञानिक मार्ग निर्देशन प्राप्त न होने के कारण पशुपालकों एवं किसानों को अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं होता है। अतः मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के अंतर्गत देवरिया बलिया में डेयरी अनुसंधान संस्थान स्थापित करने तथा व्यवसायिक डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण केंद्र विकसित करने की कृपा करें जिससे यहां के पशुपालकों एवं किसानों की आय में दोगुनी वृद्धि हो, प्रदेश में डेरी प्रोडक्ट का उत्पादन दोगुना हो तथा खाद्य सुरक्षा आत्मनिर्भर आदमी संपन्न बने, रोजगार एवं व्यापार के अवसर उत्पन्न हो।